# केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली के नॉर्थ ब्लॉक में नए Multi Agency Centre (MAC) का उदघाटन किया

## ऑपरेशन सिन्दूर, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति, असूचना एजेंसियों की सटीक सूचना और हमारी तीनों सशस्त्र सेनाओं की अचूक मारक क्षमता का अद्वितीय प्रतीक

## भारत को अपनी तीनों सशस्त्र सेनाओं, सीमा सुरक्षा बल और सभी सुरक्षा एजेंसियों पर गर्व है

## छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा के Korragattalu Hills (KGH) में किये गए ऐतिहासिक नक्सल विरोधी ऑपरेशन्स हमारी सुरक्षा बलों के बेहतरीन समन्वय को दर्शाते हैं

## नया MAC, जटिल और परस्पर रूप से जुड़ी मौजूदा राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में सभी एजेंसियों के प्रयासों को synergise करेगा और एक निर्बाध तथा integrated platform प्रदान करेगा

## नया नेटवर्क, आतंकवाद, उग्रवाद, संगठित अपराध और साइबर हमलों जैसे गंभीर खतरों से निपटने में देश के प्रयासों को मज़बूती प्रदान करेगा

प्रविष्टि तिथि: 16 MAY 2025 6:01PM by PIB Delhi

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली के नॉर्थ ब्लॉक में नए Multi Agency Centre (MAC) का उदघाटन किया। इस अवसर पर केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति, आसूचना एजेंसियों की सटीक सूचना और हमारी तीनों सशस्त्र सेनाओं की अचूक मारक क्षमता का अद्वितीय प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भारत को अपनी तीनों सेनाओं, सीमा सुरक्षा बल और सभी सुरक्षा एजेंसियों पर गर्व है।



हाल ही में, छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा के Korragattalu Hills (KGH) में केन्द्रीय अर्धसैनिक बलों (CAPFs) द्वारा चलाए गए ऐतिहासिक नक्सल विरोधी ऑपरेशनों के बारे में केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि नक्सलियों के खिलाफ ये ऐतिहासिक अभियान हमारे सुरक्षाबलों के बेहतरीन समन्वय को दर्शाते हैं। श्री शाह ने कहा कि इसी प्रकार का समन्वय ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी देखने को मिला जिससे पता चलता है कि हमारी खुफिया एजेंसियों तथा तीनों सशस्त्र सेनाओं द्वारा कार्य को अंजाम देने की प्रक्रिया और सोच में काफी बेहतर समन्वय है।



केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि नया MAC, जटिल और परस्पर रूप से जुड़ी मौजूदा राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में सभी एजेंसियों के प्रयासों को synergise करेगा और एक निर्बाध तथा integrated platform प्रदान करेगा। उन्होंने आशा जताई कि नया नेटवर्क, आतंकवाद, उग्रवाद, संगठित अपराध और साइबर हमलों जैसे गंभीर खतरों से निपटने में देश के प्रयासों को मज़बूती प्रदान करेगा।



श्री अमित शाह ने नए MAC नेटवर्क की प्रशंसा की और इसमें हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर से जुड़े कार्यों को रिकॉर्ड समय में सफलतापूर्वक पूरा करने पर संतोष व्यक्त किया। इसमें AI/ML जैसे futuristic capabilities हैं ताकि MAC और GIS services की विशाल डाटाबेस क्षमता का उपयोग किया जा सके। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि विभिन्न केंद्रीय एजेंसियों के पास जो महत्वपूर्ण डाटाबेस एकाकीपन में काम कर रहे हैं, उन्हें भी इस प्लेटफ़ार्म पर जोड़ा जाना चाहिए जिससे नए MAC के पास उपलब्ध advanced data analytics का फायदा उठाया जा सके। श्री शाह ने कहा कि इससे MAC नेटवर्क पर generate की गई data analytics की गुणवत्ता और बेहतर होगी; trend analysis बिलकुल accurate होगा, hotspot की मैपिंग की जा सकेगी और timeline analysis भी हो सकेगा जो predictive और operational outcome प्रदान करेगा। नया MAC प्लैटफ़ार्म, terror ecosystem से लड़ने में बहुत दूरगामी साबित होगा जो संगठित अपराध से काफी गहराई से जुड़ा हुआ है।




भारत के सबसे अग्रणी intelligence fusion centre के रूप में Multi Agency Centre (MAC), वर्ष 2001 से अस्तित्व में है और केन्द्रीय गृह मंत्री निरंतर MAC के तकनीकी उन्नयन का सक्रियता से मार्गदर्शन कर रहे हैं। आसूचना ब्यूरो (Intelligence Bureau) में स्थित नए MAC ने intelligence, security, law enforcement और जांच एजेंसियों को आपस में जोने का काम किया है। 500 करोड़ रुपए की लागत से तैयार नए MAC नेटवर्क में qualitative और quantitative, दोनों तरह के बदलाव किए गए हैं। नया MAC नेटवर्क देश के length और breadth में फैला है जिसमें देश के द्वीपीय हिस्से, उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र और ऊंचे पहाड़ी क्षेत्र भी शामिल हैं। इसमें standalone secure network के साथ दूरदराज के क्षेत्रों के जिला SP तक last mile connectivity दी गई है।

*****

**आरके / वीवी / आरआर / पीआर**

(रिलीज़ आईडी: 2129144)
इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English